# कार्यालय नगर पालिक निगम रतलाम म.प्र.

दिनांक 03–03–2021

## बैठक कार्यवृत दिनांक 03–03–2021

दिनांक 03–03–2021 को प्रातः 11.00 बजे स्वच्छ सर्वेक्षण–2021 बाबत आयोजित समीक्षा बैठक में उपस्थिति निम्नानुसार रही ;–

1– श्री विशाल सोलंकी–उपायुक्त, नगर पालिक निगम,
2– श्रीमती ज्योति सुनारिया–सहायक आयुक्त,नगरपालिक निगम–रतलाम
3– श्री सुरेशचन्द्र व्यास–प्र0कार्यपालन यंत्री,
4– श्री जी.के. जायसवाल–प्र0कार्यपालन यंत्री,
5– श्री श्याम कुमार सोनी–प्र0सहायक यंत्री,
6– श्री अनवर कुरैशी–प्र0सहायक यंत्री,
7– श्री सत्यप्रकाश आचार्य, प्रभारी जलप्रदाय,
8– श्री एम.के. जैन–प्र0सहायक यंत्री,
9– श्री अरविंद दशोत्तर–प्र0सहायक यंत्री,
10– श्री ए.पी. सिंह–प्र0स्वच्छता अधिकारी,
11– श्री जसवन्त जोशी–प्र0सचिव,
12– श्री रामचन्द्र शर्मा–प्र0कार्यालय अधीक्षक,
13– श्री बी.एल. चावरे–प्र0स्थापना,
14– श्री राजेश पाटीदार–उप यंत्री,
15– श्री ब्रजेश कुशवाह–उप यंत्री,
16– श्री विकास सिंह मरकाम–उप यंत्री,
17– श्री मनीष तिवारी–उप यंत्री.,
18– श्री सिद्धार्थ सोनी–उप यंत्री,
19– श्रीमती अनिता ठाकुर–उप यंत्री,
20– सुश्री दीक्षा निजामपुरकर–उप यंत्री,,
21– श्री पर्वत कुमार हाड़े–प्र0स्वच्छता निरीक्षक,
22– श्री किरण कुमार चौहान, ,,
23– श्री कपिल मारोठिया, सिटी मिशन मैनेजर,
24– श्री नितिन तिवारी, ,,
25– श्री नीरज यादव–केमिस्ट/झोन प्र0,
26– श्री अनिल पारा–उद्यान पर्यवेक्षक,
27– श्री धर्मेन्द्र दोगाया–उद्यान पर्यवेक्षक,
28– श्री राजेन्द्रसिंह गेहलोत–सहायक वर्ग–3, स्वास्थ्य वि.,
29– श्री जितेन्द्र सिसोदिया–फिल्टर अटेंडेंट,
30– श्री आशीष चौहान उप स्वच्छता पर्यवेक्षक,
31– श्रीमती मौनिका चौहान ,,
32– श्री जय उपाध्याय, ,,
33– श्री तरूण राठोड़, ,,



Scanned with CamScanner

34– श्री प्रमोद तिवारी–स्टेनोग्राफर,

35– श्री वासुदेव बैरागी–समयपाल,

36– श्री बलवंतसिंह राठौर–स0रा0नि0,

37– श्री हेमन्त बंदोड़िया–स्थायीकर्मी,

38– श्री अनिल पांचाल–पत्रकार,

39– श्री प्रतीक मिश्रा–कंसलटेंट–सालिड वेस्ट मैनेजमेंट एक्सपर्ट (PIU)

40– श्री राहुलसिंह राठौर–आस्था–आईसीटी संस्था,

पूर्व बैठक दिनांक 01–03–2021 के कार्यवृत का अवलोकन करें व 01 मार्च–21 की बैठक में दिये गए निर्देश अनुसार कार्य किये जावें । स्टोर से स्वच्छ सर्वेक्षण 2021 के अन्तर्गत तय किये गए अनुसार जो कुछ सामग्री संबंधित विभाग के कर्मचारी को दी जानी है वह दी जावे व शीघ्र ही इस संबंध में कार्य किया जावे । साथ ही जब तक स्वच्छ सर्वेक्षण की टीम नहीं आ जाती है तब तक सुबह से रात तक निरन्तर कार्य किया जावे ।

नगर के वार्ड नंबर 07 व 17 में जीरो वेस्ट वार्ड के पायलट प्रोजेक्ट में 03 दिन में रिजल्ट आना शुरू हो जायगा व इसमें अच्छा परिणाम आने पर इसकी अच्छी पब्लिसिटी करके फिर नगर के 02 अन्य वार्ड उक्त प्रोजेक्ट के अन्तर्गत लिये जावेंगे।

बैठक के दौरान स्व सहायता समुह के सदस्य व वेंडर श्री आजम खान रतलाम व श्री तुलांश शर्मा पिता श्री तपन शर्मा–रतलाम उपस्थित हुए जिनसे चर्चा की गई।

दोनों वार्ड के पायलट प्रोजेक्ट के स्व सहायता समुह सदस्य द्वारा सुखे कचरे को वेन्डर को दिये जाने के संबंध में यदि कुछ औपचारिकता आदि पूरी करने की आवश्यकता हो तो वह एनयुएलएम द्वारा पूर्ण करवायी जावे ।

1– श्री नितिन तिवारी सिटी मिशन मैनेजर द्वारा वार्ड क्रमांक 07 अलकापुरी व वार्ड क्रमांक 17 ईश्वर नगर को जीरो वेस्ट वार्ड किये जाने के सम्बन्ध में उक्त दोनों वार्ड में स्व सहायता समुह के महिला सदस्य को नगर निगम द्वारा मास्क व एप्रेन उपलब्ध करवाया जावेगा ।

डोर टू डोर कचरा संग्रहण कार्य में नागरिकों द्वारा भवन/फ्लैट/अपार्टमेन्ट के बाहर गेट के सामने कचरा डस्ट बिन में रखने हेतु अनुरोध किया जावेगा ताकि वहां से स्व सहायता समुह की महिला सदस्य द्वारा डस्ट बिन को उठाकर कचरे को गाड़ी में डालने व डस्ट बिन में सूखा व गीला कचरा अलग–अलग लिये जाने के संबंध में कैसे कार्य किया जाना है बाबत की जाने वाली प्रक्रिया बतायी गई ।

2– श्री प्रतीक मिश्रा कंसलटेंट सालिड वेस्ट मैनेजमेंट द्वारा इस संबंध में जानकारी दी गई कि प्रारंभ में कहीं सूखा व गीला कचरा अलग–अलग प्राप्त नहीं होने पर महिला



Scanned with CamScanner

सदस्य द्वारा सेग्रीग्रेशन किया जावेगा, इस हेतु उन्हें एक टब देंगे व प्रशिक्षण दिया जायगा। उनका मनोबल बढ़ाना है कि इनको यह करना है।

**स्वच्छ सर्वेक्षण 2021 के अन्तर्गत व वार्ड नं0 07 अलकापुरी व वार्ड नं0 17 ईश्वर नगर को ''जीरो वेस्ट वार्ड'' (Zero waste ward) किये जाने के पायलट प्रोजेक्ट के संबंध में निम्नानुसार कार्यवाही की जाना सुनिश्चित की जाय :–**

(1). स्व सहायता समुह की महिला सदस्य द्वारा अलकापुरी व ईश्वर नगर वार्ड में डोर टू डोर कचरा उठाने हेतु आने पर व्हीसिल (सीटी) बजायी जाएगी ।

(2). इस हेतु दोनों वार्ड क्षेत्र में अनाउंस किया जाएगा कि अलकापुरी व ईश्वर नगर के वार्ड नं0 क्रमशः 07 व 17 को जीरो वेस्ट वार्ड करने के पायलट प्रोजेक्ट में शामिल किया गया है, अतः कचरा संग्रहण वाहन के आने के पूर्व कचरे का डस्ट बिन अथवा बैग अपने मकान/फ्लैट/अपार्टमेंट के गेट के बाहर रखें, उक्त कचरा, कचरा संग्रहण वाहन में स्व सहायता समुह की स्वच्छता दीदी द्वारा ही उठा करके डाला जावेगा ।

साथ ही उनसे यह भी अपील की जावे कि वे कचरा मिक्स न रखते हुए सुखा व गीला कचरा अलग–अलग डस्ट बिन में रखें।

(3). सुखा व गीला कचरा डस्ट बिन में अलग–अलग रखने हेतु स्व सहायता समुह के सदस्य द्वारा नागरिकों से निवेदन किया जावे । आस्था सहयोगी संस्था के सदस्यों द्वारा भी सुखा व गीला कचरा अलग–अलग डस्ट बिन में रखने हेतु घर–घर जाकर नागरिकों को अवगत कराया जावे ।

(4). उक्त कार्य के दौरान आस्था संस्था द्वारा अलकापुरी व ईश्वर नगर के वार्ड क्षेत्र में कितने मकान स्थित है के संबंध में उनकी गिनती करवाकर के दोनों वार्ड के आवासों की पृथक–पृथक संख्या से अवगत कराया जावे ।

(5). कचरा संग्रहण वाहन के साथ उक्त दोनों वार्ड में हेल्पर नहीं रहेगा व उक्त वाहनों के साथ 2–2 स्व सहायता समुह की महिला सदस्य, 5–5 आस्था संस्था के सदस्य (दोनों वार्ड हेतु), वार्ड दरोगा/प्रभारी, वार्ड पर्यवेक्षक, उद्यान पर्यवेक्षक व सिटी मिशन मैनेजर, श्री राहुलसिंह राठौर–आस्था संस्था, प्र0 स्वच्छता निरीक्षक आदि रहेंगे । उक्त दोनों वार्डो में पूर्व से चल रहे 1–1 कचरा संग्रहण वाहन के अतिरिक्त 2–2 वाहन अतिरिक्त रूप से दोनों वार्ड में उपलब्ध कराये जावें व उन पर उक्तानुसार स्व सहायता समुह की महिला सदस्य, 5–5 आस्था संस्था के सदस्य रहना सुनिश्चित किया जावे ।



Scanned with CamScanner

(6). अलकापुरी वार्ड नंबर 07 से कचरा गाड़ी भरने के बाद यह गाड़ी आई.टी. आई. पीछे स्थित स्पाट अलकापुरी क्षेत्र के मैदान में सूखा कचरा का तौल कांटा से वजन लिय जावेगा व यहां पर सुखे कचरे में से दुर्गा स्व सहायता समुह के महिला सदस्य द्वारा प्लास्टिक, लोहा, पुट्ठा, कांच आदि को अलग अलग किया जावेगा । पश्चात गीले कचरे हेतु गाड़ी जुलवानियां ट्रेचिंग ग्राउंड पर जावेगी ।

आईटीआई के पीछे अलकापुरी क्षेत्र में श्री आजम खान वेंडर द्वारा सुखें कचरा के संबंध में रजिस्टर में इंट्री की जावेगी कि कितना सुखा कचरा आया व उसकी कितनी राशि होती है जो दुर्गा स्व सहायता समुह को देना है । उक्त राशि का प्रति दिन दुर्गा स्व सहायता समुह को भुगतान किया जावेगा, यह 50 प्रतिशत नकद अथवा 50 प्रतिशन आन लाईन भी हो सकता है। साथ ही प्रति दिन का उक्तानुसार विवरण नगर पालिक निगम–रतलाम के एनयुएलएम कार्यालय में उपलब्ध कराया जावेगा ।

(7). इसी प्रकार ईश्वर नगर वार्ड नम्बर 17 से से कचरा गाड़ी भरने के बाद यह गाड़ी ईश्वर नगर स्कूल के पीछे स्थित स्पाट मैदान में सूखा कचरा का तौल कांटा से वजन लिया जावेगा व यहां पर सुखे कचरे में से ईश्वर स्व सहायता समुह के महिला सदस्य द्वारा प्लास्टिक, लोहा, पुट्ठा, कांच, एल्युमिनीयम आदि को अलग अलग किया जावेगा। पश्चात गीले कचरे हेतु गाड़ी जुलवानियां ट्रेचिंग ग्राउंड पर जावेगी ।

यहां ईश्वर नगर स्कूल के पीछे के क्षेत्र में श्री तुलांश शर्मा वेंडर द्वारा सुखें कचरा के संबंध में रजिस्टर में इंट्री की जावेगी कि कितना सुखा कचरा आया व उसकी कितनी राशि होती है जो ईश्वर स्व सहायता समुह को देना है । उक्त राशि का प्रति दिन ईश्वर स्व सहायता समुह को भुगतान किया जावेगा, यह भुगतान 50 प्रतिशत नकद अथवा 50 प्रतिशत आन लाईन भी हो सकता है। साथ ही प्रति दिन का उक्तानुसार विवरण नगर पालिक निगम–रतलाम के एनयुएलएम कार्यालय में उपलब्ध कराया जावेगा ।

(8). श्री राहुलसिंह राठौर सदस्य आस्था संस्था को 3 दिन का टारगेट दिया जाता है कि ये 05–5 सदस्य अलकापुरी व ईश्वर नगर में कार्य पर रहेंगे एवं आई.सी. के सदस्य इन वार्ड में घर–घर जाकर के बता दें कि आपको कचरा गाड़ी में कचरा नहीं डालना है आप गेट/दरवाजे पर डस्ट बिन रख दें, हमारी टीम (स्वच्छता दीदी) खुद कचरा वाहन में डालेगी व कचरा उठेगा ।

साथ ही घर–घर जाकर के दोनों वार्ड के घरों में खबर हो जाए कि गाड़ी प्रति दिन आएगी, अतः सुखे व गीले कचरे का अलग–अलग डस्ट बिन बाहर चाहिए । इसमें एक भी घर नहीं छुटना चाहिए ।



Scanned with CamScanner

अनाउंसमेंट श्री हेमन्त बंदोड़िया स्थायीकर्मी द्वारा उपायुक्त, श्री व्यापसजी व श्री कुरैशी जी के साथ बैठ करके बना लिया जावे ।

पायलट प्रोजेक्ट के आधार पर इन 02 वार्ड का चयन किया गया है । अतः लोगों को मैसेज हो जाए कि टीम आएगी, अतः सुखा व गीला कचरा अलग–अलग रखें ।

05 आदमी टीम के एक–एक गली में जाएं व एक भी घर नहीं छूटना चाहिए । सातवें दिन आस्था संस्था से यह जानकारी चाहिए कि वार्ड में इतनी गली है व इतनी संख्या में मकान है, क्योंकि यह क्षमता दिखेगी तो ही पेमेन्ट होगा ।

इस हेतु आज से ही कार्य शुरू कर दें । बैनर, पोस्टर व अनाउंस की व्यवस्था होगी एवं पेम्पलेट भी आस्था की टीम देकर के आएगी ।

(9). जिन वार्ड नम्बर 07 व 17 को जीरो वेस्ट वार्ड बनाने जा रहे हैं उन वार्ड में स्पाट फाईन की कार्यवाही नहीं होगी ।

(10). जब वार्ड जीरो वेस्ट हो जाएगा तब वार्ड को सम्मानित करेंगे व सर्टिफिकेट भी देंगे ।

(11). सभी का जीरो वेस्ट वार्ड हेतु प्रयास रहना चाहिए ताकि हमारा कचरा जुलवानिया ट्रेचिंग ग्राउंड पर जाना बंद हो जाए ।

(12). . कम्युनिटी टायलेट व पब्लिक टायलेट में बराबर सफाई हो रही है या नहीं इसे दिखवाया जाए व इसकी सफाई व्यवस्था में कोई कमी ना रहे यह सुनिश्चित किया जाय। ओडीएफ±±के समय 2 माह पूर्व जब टीम आयी थी तत्समय जो व्यवस्था निकाय द्वारा की गई थी उसी अनुसार वर्तमान में भी सीटी/पीटी की सारी व्यवस्था करवायी जाय । इनके आसपास कचरा मिला तो प्र0स्वच्छता अधिकारी व प्र0स्वच्छता निरीक्षक पर कार्रवाई की जाएगी ।

(13). उद्यान हेतु पूर्व में दिये गए निर्देश अनुसार कंपोस्ट पेड लगाने की कार्यवाही श्री धर्मेन्द्र दोगाया व श्री अनिल पारा उद्यान पर्यवेक्षक द्वारा की जाना सुनिश्चित की जाय ।

(14). . बैनर, पोस्टर आदि लगवाने का कार्य किया जाय ।

(15). . सभी 18 पब्लिक टायलेट की मशीन ठीक है या नहीं यह श्री सिद्धार्थ सोनी उप यंत्री द्वारा इसे समय सीमा में दिखवाकर सभी मशीन ठीक है यह अवगत करावें।

(16). .हरे नीले डस्ट बिन के स्टीकर निकल गये हैं तो यह स्टीकर लगवाने हेतु स्टोर विभाग से लेकर के लगवाये जावें ।



Scanned with CamScanner

(17). प्रथम व द्वितीय पारी की सफाई, कामर्शियल एरिया की सफाई व रात्रिकालीन सफाई आदि पर पूर्वानुसार ध्यान दिया जावे व जो पूर्व से वार्ड में सफाई व्यवस्था संबंधी कार्य चल रहे हैं वह चलते रहें यह सुनिश्चित किया जावे । साथ ही बस स्टैंड की सफाई व्यवस्था पर भी श्री ए.पी. सिंह प्र0स्वच्छता अधिकारी द्वारा ध्यान दिया जावे ।

(18). प्रकाश विभाग संबंधी कार्य की व्यवस्था श्री सिद्धार्थ सोनी उप यंत्री द्वारा देख ली जावे ।

(19). वार्ड नंबर 07 व वार्ड नंबर 17 का रूट चार्ट बनवा लिया जाए ।

उद्यान बिल्कुल क्लीन रहने चाहिए यह उद्यान पर्यवेक्षक सुनिश्चित करें । एक भी नाली भरी हुई नहीं रहनी चाहिए, नाले, नालियों की साफ–सफाई करवायी जाए व इन्हें निरन्तर साफ करवाया जावे । पूरी ताकत से रतलाम नगर को नम्बर 01 बनाने हेतु लगें । **जब तक स्वच्छ सर्वेक्षण की टीम नहीं आती तब तक सम्पूर्ण आवश्यक तैयारी की जाय । स्वच्छ सर्वेक्षण 2021 में रतलाम को नंबर 01 करने के लिए निरन्तर कार्य किया जाना है।**

उक्तानुसार तथा पूर्व बैठक में दिये गए निर्देशों बाबत एवं समक्ष में दिये गए अन्य निर्देशों के संबंध में भी आवश्यक कार्यवाही की जावे ।

श्री वासुदेव बैरागी समयपाल द्वारा उक्त कार्यवृत को निगम वेबसाईट पर अपलोड किया जावे ।

5/3/21

(सोमनाथ झारिया)
आयुक्त
नगरपालिक निगम रतलाम

पृ0क्र0/347/63/नि.स./2021, रतलाम, दिनांक 5–03–2021.

प्रतिलिपि,

1– कलेक्टर एवं प्रशासक महोदय, नगर पालिक निगम–रतलाम की ओर अवलोकनार्थ।

2– समस्त विभाग प्रमुख, नगर पालिक निगम–रतलाम ।

3– संबंधित सर्व श्री ——————————————

की ओर सूचनार्थ एवं पालनार्थ प्रेषित ।

आयुक्त
नगरपालिक निगम,रतलाम



Scanned with CamScanner